# SANJEEVANI MAHAVIDYALAYA


*Beawar Road, Bijainagar, Ajmer (Raj.)*

*Affiliated to M.D.S. University, Ajmer*


SANJEEVANI MAHAVIDYALAYA
DISCIPLINE
DEVOTION DEDICATION
BIJAINAGAR (AJMER) RAJ.



# Prospectus 2019-20


Website : www.sanjeevanimahavidyalaya.in

E-mail : sanjeevanimahavidyalaya@gmail.com

Phone No. : 9636010009, 9252574591

# संदेश

"उच्चतम शिक्षा वह है जो हमे केवल जानकारी नहीं देती बल्कि हमारे जीवन को सभी अस्तित्व के साथ सामंजस्य बिठाती है"

- रविन्द्रनाथ टैगोर



विश्व ब्रह्माण्ड की विशालता के समक्ष मनुष्य का अस्तित्व अत्यन्त लघु एवं सीमित है परन्तु अपनी इच्छा शक्ति और श्रेष्ठ संकल्प के बल पर वह एवरेस्ट की उँचाईयों को छू लेता है और समुद्रों की गहराईयों को माप लाता है। मार्ग में आने वाली बाधाएँ तथा कठिनाईयाँ भी शेरे दिल पथिक को किसी भी प्रकार विचलित नहीं कर पाती है। यह तो अकाट्य सत्य है कि लक्ष्य जितना महान होगा, उतना ही दूरस्थ होगा तथा उसकी प्राप्ति भी उतनी ही कठिन और संकट- संकुल होगी। अतः हमें नवयुवकों को परिश्रमी, निडर और उत्साही बनाने की आवश्यकता है। आज का युग विज्ञान का युग है। चारों ओर नवीन अनुसंधानों एवं आविष्कारों की धूम मची है। विभिन्न तकनीकी उपकरणों के माध्यम से नित नए ज्ञान के द्वारा हमारे विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। ऐसे में आने वाली पीढ़ी को सही दिशा ज्ञान देने के लिए श्रेष्ठ शिक्षा केन्द्रों का होना बहुत जरूरी है।

हमारे महाविद्यालय का यही उद्देश्य है कि युवाओं को इस प्रकार से शिक्षित किया जाए कि वे जीविकोपार्जन के साथ - साथ देश एवं समाज के लिए भी कुछ कर गुजरने का जज्बा रख निरन्तर उन्नति पथ पर अग्रसर हों। मैं नए सत्र में आप सभी को अपनी मंगल कामनाएँ अर्पित करता हूँ।

ब्रह्मदत्त शर्मा
अध्यक्ष, श्री बालाजी संजीवनी
एज्यूकेशनल सोसायटी, बिजयनगर

# संदेश



प्रिय विद्यार्थियों,

महापरिव्राजक स्वामी विवेकानंद के उत्तिष्ठत्, जाग्रतप्राप्य वरान्निबोधत् के परमलक्ष्य को अपने समक्ष रखते हुए बिजयनगर तथा आस-पास के ग्रामीण परिक्षेत्र के युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम प्रदान करने के उद्देश्य से संजीवनी महाविद्यालय की स्थापना की गई है निःसंदेह उत्तम महाविद्यालयी शिक्षा हमारे युवाओं को वर्तमान और भावी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करती है। आज हम इतिहास के उन युगों में से एक युग में जी रहे है जब ज्ञान के चरण अपने आचरण की धुरी बदल रहे है। चारों ओर ज्ञान और ऊर्जा का महान विस्फोट हो रहा है ऐसे में महाविद्यालय में अध्ययन कर विद्यार्थी श्रेष्ठ शिक्षा प्राप्त करें, स्वयं में कर्मठता, आत्मसंयम, कर्तव्यनिष्ठता तथा जीवन में कुछ कर गुजरने का भाव जागृत करेंगे ऐसी मेरी अपेक्षा है विगत सत्र से प्राम्भ हुए इस महाविद्यालय ने अल्प समय में ही शैक्षिक तथा सहशैक्षिक जगत में अपनी सफलताओं का परचम फहराया है। मैं सम्पूर्ण महाविद्यालय स्टाफ सदस्यों तथा विद्यार्थियों को अग्रिम सत्र के लिए शुभकामनाऐं प्रेषित करती हूँ कि पूर्ण मेहनत, लगन एवं निष्ठा के साथ सभी सन्नद्ध होकर महाविद्यालय को इस वर्ष भी सफलता के स्वर्णिमशिखरों पर प्रतिष्ठित करेंगे

श्रीमती बीना शर्मा
सचिव, श्री बालाजी संजीवनी
एज्यूकेशनल सोसायटी, बिजयनगर




स्नेहिल विद्यार्थियों,

हमारे राष्ट्रीय लक्ष्यों में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण पक्ष विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था करना है क्योंकि यह एक ऐसा उत्प्रेरक साधन है जिसके द्वारा युवाओं के भविष्य को सही दिशा प्रदान की जा सकती है। वर्तमान जनंसाख्यिकी आंकड़ो के आधार पर एक सटीक अनुमान परिदृश्यित होता है कि सन् 2026 तक हमारादेश 29 वर्ष की औसत आयु के साथ दुनिया का सबसे युवा देश होगा।अतः उच्च शिक्षा के क्षेत्र में इस युवा पीढ़ी के शरीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं चारित्रिक विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से संजीवनी महाविद्यालय को प्रारम्भ किया गया है। प्रारम्भ होने के प्रथम वर्ष में ही विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के सार्थक प्रयत्नों से कई शैक्षिक, सहशैक्षिक एवं खेलो में उपलब्धियाँ हासिल की है, इस हेतु सभी का अभिनंदन ।आशा है, इस वर्ष भी हम सभी अपनी सम्पूर्ण क्षमताओं का उपयोग करते हुए महाविद्यालय को समाज जीवन में प्रतिष्ठित ऊँचाईयों पर ले जाने में सक्षम सिद्ध होंगे। एक बार पुनः मंगलकामनाएँ।।

डॉ. सौरभ व्यास
प्राचार्य

## *Path to Success @ Sanjeevani Mahavidyalaya*




**Editorial Board**



**Dr. Sourabh Vyas**
**Mob. : 9461195979**



**Sh. Arvind Upadhyay**
**Mob. : 9468750079**



**Sh. Bachchraj Jat**
**Mob. : 9252574591**

## CONTENT

| | पेज नं. |
|---|---|
| 1. महाविद्यालय एक परिदृश्य | 4 |
| 2. पुस्तकालय | 5 |
| 3. स्मार्ट कक्षा | 5 |
| 4. प्रयोगशाला | 5 |
| 5. छात्र रोजगार परामर्श केन्द्र | 6 |
| 6. परिषदें | 6 |
| 7. सेमिनार | 6 |
| 8. सांस्कृतिक मंच | 7 |
| 9. महिला प्रकोष्ठ | 7 |
| 10. फोटो गैलरी - 1 | 8 |
| 11. फोटो गैलरी - 2 | 9 |
| 12. खेलकूद | 10 |
| 13. विषय एवं पाठ्यक्रम | 11 |
| 14. गर्ल्स कॉमन रूम | 12 |

**Published By :**
**Sanjeevani Mahavidyalaya, Bijainagar**

# संजीवनी महाविद्यालय : एक परिदृश्य




संजीवनी महाविद्यालय अजमेर जिले में बिजयनगर कस्बे में ब्यावर रोड पर स्थित है। महाविद्यालय का शुभारंभ सन् 2018 में हुआ। श्री बालाजी संजीवनी एजूकेशनल सोसायटी बिजयनगर द्वारा महाविद्यालय का संचालन व मागदर्शन किया जाता है। महाविद्यालय भवन एक खूबसूरत तीन मंजिल में निर्मित है जहाँ से आस पास का सुन्दर प्राकृतिक दृश्य दृष्टिगोचर होता है। भवन के सामने ही विशाल खेल मैदान हैं। वर्तमान में यहाँ कला संकाय में हिन्दी, अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, गृहविज्ञान, चित्रकला अर्थशास्त्र तथा विज्ञान संकाय में गणित व जीव विज्ञान विषय संचालित है। महाविद्यालय के नजदीक ख्याति प्राप्त चमत्कारिक बाड़ी माता का मंदिर है जो देश-विदेश के लोगों के लिए आस्था का केन्द्र है। यह महाविद्यालय बिजयनगर व गुलाबपुरा के ही नहीं अपितु आस-पास के ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों की आकांक्षाओं व आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम है जो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते है। महाविद्यालय क्षेत्र के नजदीक ही श्री सीमेण्ट, मयूर मिल तथा अन्य उद्योग स्थापित है जिनमें विद्यार्थियों को रोजगार के विभिन्न अवसर उपलब्ध कराने के लिये महाविद्यालय द्वारा सार्थक प्रयास किया जायेगा।


- महाविद्यालय में पर्याप्त रोशनी व हवादार कक्षा - कक्ष है। प्रत्येक कक्षा - कक्ष में लगभग 50 विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था है।

"मैं अपने विद्यार्थियों को कभी नहीं सिखाता
मैं केवल उन परिस्थितियों को प्रदान करता हूँ
जिनमें वे सीख सकते है।"
- अल्बर्ट आइन्सटीन


मैंने जो कुछ सीखा है
किताबों से सीखा है। - अब्राहम लिंकन




**पुस्तकालय :-** महाविद्यालय में एक सुव्यवस्थित सभी विषयों की पुस्तकों से सुसज्जित पुस्तकालय है। जिसमें विभिन्न विषयों की संदर्भ पुस्तकों सहित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु पत्र-पत्रिकाऐं भी उपलब्ध हैं। समसामयिक घटनाओं की जानकारी हेतु विभिन्न पत्रिकाऐं व महापुरूषों के जीवन वृत तथा धार्मिक ग्रंथ उपलब्ध हैं, विभिन्न दैनिक समाचार पत्र व साप्ताहिक समाचार पत्र पुस्तकालय को पूर्ण करते हैं। एक व्यवस्थित वाचनालय भी है जिसमें विद्यार्थियों व प्राध्यापकों के बैठ कर पठन करने की उचित व्यवस्था है। पुस्तकालय सभी विद्यार्थियों के लिए प्रतिदिन प्रातः 9:30 बजे से अपराह्न 4:00 बजेतक खुला रहता है।




- व्यवस्थित व आधुनिक सुविधा सम्पन्न स्मार्ट कक्षा - कक्ष भी महाविद्यालय में है जिसमें प्रोजेक्टर के माध्यम से शिक्षण कार्य किया जाता है। इस हॉल में लगभग 200 विद्यार्थियों के बैठने की पर्याप्त फर्नीचर व्यवस्था है।
- सभी प्रायोगिक विषयों की आवश्यक उपकरणों से युक्त प्रयोगशालाएँ महाविद्यालय में अवस्थित हैं जो विद्यार्थियों के यथोचित ज्ञानार्जन में सहायक हैं।
- कम्प्यूटर लैब - विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के लिये इटंरनेट सुविधा युक्त कम्प्यूटर लैब है।
- महाविद्यालय में विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं अनुशासन व्यवस्था को बनाए रखने के लिए विभिन्न स्थानों पर सी.सी.टी.वी. कैमरे लगे हुए हैं।










**छात्र रोजगार परामर्श केन्द्र** – महाविद्यालय में विद्यार्थियों को विभिन्न रोजगार अवसरों की जानकारी देने हेतु रोजगार परामर्श केन्द्र भी संचालित है जिसके द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु मार्गदर्शन भी दिया जाता है। विषय विशेषज्ञों द्वारा महाविद्यालय में विद्यार्थियों को प्रतिदिन 2 घंटे की निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था है जिसमें सामान्य ज्ञान, तर्कशक्ति, मानसिक योग्यता, गणित, अंग्रेजी का अध्यापन कार्य किया जाता है एवं साप्ताहिक टेस्ट लिये जाते हैं।

**परिषदें** – विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास हेतु कला एवं विज्ञान परिषद का गठन भी किया जाता है। परिषद का प्रभारी प्राचार्य द्वारा मनोनीत प्रवक्ता होता है तथा परिषद में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव पद पर उन विद्यार्थियों का चयन होता है जिन्होनें गत वर्ष की परीक्षा में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है। इन परिषदों के अन्तर्गत वर्ष पर्यन्त कई सहशैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है जिनमें -निबंध, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, मिनट टू विन इट, वाद-विवाद, भाषण, कविता पाठ आदि प्रतियोगिताऐं एवं शैक्षणिक भ्रमण प्रमुख हैं।

**सेमिनार** – महत्त्वपूर्ण विषयों पर महाविद्यालय में सेमिनार एवं व्याख्यानों का आयोजन भी किया जाता है। गत सत्र में योग व ध्यान, करिअर-काउन्सलिंग, महिला सशक्तिकरण, खेलों की उपयोगिता आदि विषयों पर विषय - विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों की दी गई।







**सांस्कृतिक मंच** – सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन हेतु प्राचार्य द्वारा गठित सांस्कृतिक समिति द्वारा गत सत्र में गरबा एवं स्वरांजलि कार्यक्रम जिसमें एकल गायन, समूह गायन, एकल-नृत्य, लघुनाटिका, विचित्र वेशभूषा आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया व अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव में सम्मानित किया गया।



**महिला प्रकोष्ठ :** छात्राओं से संबंधित समस्याओं के निदान हेतु महिला प्रकोष्ठ भी महाविद्यालय में संचालित है जिसमें प्रभारी प्राचार्य द्वारा मनोनीत महिला प्रवक्ता व सदस्य के रूप में अन्य महिला प्रवक्ता होती हैं। इस प्रकोष्ठ द्वारा न केवल छात्राओं के हितों का ध्यान रखा जाता है अपितु उनके व्यक्तित्व निखार हेतु कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाता है। गत सत्र में मेंहदी, रंगोली, भाषण, खाना-खजाना ( फूड कार्निवल ), सलाद, चम्मच रेस, कुर्सी रेस आदि प्रतियोगिताएँ आयोजित हुई।





**एंटी रेगिंग कमेटी :**- संजीवनी महाविद्यालय रेगिंग के प्रति सख्त नीति का पालन करता है। रेगिंग संबंधित किसी भी शिकायत पर कानून के अनुसार कमेटी द्वारा त्वरित व प्रभावी कार्यवाही की जाती है।



# PHOTO GALLERY - 1
























# PHOTO GALLERY - 2


















**खेलकूद :-** महाविद्यालय में एक विशाल खेल मैदान है जिसमें निम्न खेलकूदों की व्यवस्था है।
बाह्य - हैण्डबॉल, वालीबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स।
आंतरिक - टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज, भारोत्तोलन, शक्तिोलन, कुश्ती, जिमनास्टिक।







महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सत्र 2018-19 में महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित विभिन्न खेल स्पर्धाओं में महाविद्यालय का नाम रोशन किया। मुख्य रूप से मुक्केबाजी व हैण्डबॉल में खिलाड़ियों ने विश्वविद्यालय की अन्तर्महाविद्यालय प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मुक्केबाजी में अन्तर्महाविद्यालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लोकेश जाट ने रजत तथा कपिल चौहान व मोहनलाल ने कांस्य पदक प्राप्त किया। हैण्डबॉल में गाँधी शिक्षक प्रशिक्षक महाविद्यालय गुलाबपुरा में आयोजित अन्तर्महाविद्यालय प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान ( उपविजेता ) प्राप्त किया। हैण्डबॉल के चार खिलाड़ियों ( लोकेश जाट, देशराज जाट, मानसिंह नायक, बलवीर बैरवा ) का चयन म.द.स. विश्व विद्यालय की टीम में हुआ जिन्होंने शोलापुर महाराष्ट्र में वेस्ट जोन अर्न्तविश्वविद्यालयी हैण्डबॉल प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की टीम का प्रातिनिधित्व करते हुए महाविद्यालय को खेलों में नया नाम दिया।


बलवीर बैरवा


देशराज जाट


लोकेश जाट


मानसिंह नायक

## Faculty of Arts

### B.A. Part - I

**Eligibility for Admission :- Senior Secondary pass students.**

**Compulsory Papers**

1. Gen. Hindi
2. Gen. English

Group A - Geo, His., HL/EL, Soc, Eco., Home Science

Gruop B - Geo, His., HL/EL, Soc, Pol Sci., Drawing

Optional Subjcets (Any Three)

### B.A. Part - II

**HL/EL, Geo, Pol Sci., His, Soc., Eco, Home Sci., Drawing.**

| FEE STRUCTURE FOR ARTS | |
|---|---|
| CLASSES | FEE |
| B.A. Part - I/ II (Geo ) | 9500/- |
| B.A. Part - I/ II | 9000/- |

## Faculty of Science

### B.Sc. Part - I

**Eligibility for Admission :-** Senior Secondary pass students.

**B.Sc. Part - I**

**Compulsory Papers**

1. Gen Hindi
2. Gen English

**Optional Subjects**

A. Chemistry, Zoology, Botany

B. Chemistry, Physics, Maths

**B.Sc. Part - II**

A. Chemistry, Zoology, Botany

B. Chemistry, Physics, Maths

| FEE STRUCTURE FOR SCIENCE | |
|---|---|
| CLASSES | FEE |
| B.Sc Part - I/ II (Maths) | 11,500/- |
| B.Sc Part - I/ II (Biology) | 12,000/- |

**Admission Policy : Admission for this session will be according to admission policy (2019-20) of directorate college education jaipur Rajasthan. For detailed information about admission you can visit following website : www.dce.rajasthan.gov.in**

**Girls Common Room :** महाविद्यालय में छात्राओं की शिक्षा हेतु स्वस्थ वातावरण देने का पूरा प्रयास किया गया है जिससे वे अध्ययन के साथ खेलकूद व अन्य गातिविधियों में निर्भीकता व उत्साहपूर्वक भाग ले सके। छात्राओं की सुविधा हेतु महाविद्यालय में Girls Common Room की भी व्यवस्था है।

**छात्रवृत्तियाँ**– राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा प्रदत्त सभी छात्रवृत्तियों का लाभ – विद्यार्थियों का प्राप्त हो सके, इसके लिये एक विशेष छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ महाविद्यालय में संचालित है।

## Emerging Stars



**Nikita Shrama**
Best Student - Science



**Girija Garg**
Best Student - Arts



**Mohit Jangid**
Best Dancer



**Man Singh Nayak**
Best Sports Man

# Code of Conduct

1. महाविद्यालय में विद्यार्थी को परिचय - पत्र लाना अनिवार्य है।
2. विद्यार्थी की कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।
3. विद्यार्थी को विषय बदलने हेतु 100/- रूपये शुल्क देना होगा। तीन माह-पश्चात् विद्यार्थी अपना विषय परिवर्तन नहीं कर सकेगा।
4. महाविद्यालय परिसर में किसी भी तरह की व्यक्तिगत पार्टी का आयोजन निषेध है।
5. महाविद्यालय में किसी भी प्रकार का धूम्रपान ( बीड़ी, सिगरेट, गुटखा आदि ) निषेध है।
6. किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता एवं तोड़फोड ( कुर्सी, टेबिल, अन्य फर्नीचर आदि ) में लिप्त पाये जाने पर की जाने वाली कार्यवाही यथा निष्कासन, आर्थिक दंड, निलंबित करना के लिये विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।
7. कक्षा में बिना सूचना के लगातार 7 दिवस तक अनुपस्थित रहने पर विद्यार्थी का प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
8. कक्षा में मोबाईल का प्रयोग सर्वदा प्रतिबंधित है।
9. प्रत्येक माह में होने वाले कक्षा टेस्ट में विद्यार्थी की उपस्थिति अनिवार्य है।
10. किसी भी शिक्षक/कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार किये जाने पर की जाने वाली अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिये विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।
11. सभी विद्यार्थी रोजाना नोटिस बोर्ड अवश्य देखें।

## Students Corner

- कॉलेज में पढ़ाई का स्तर अच्छा है समय पर कोर्स पूर्ण हो जाने से एवं एक्स्ट्रा क्लास से परीक्षा की तैयारी अच्छी हो गई। सामान्य ज्ञान - विज्ञान, रीजनिंग की कक्षाऐं भी Attend की एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारी मिली। पुस्तकालय की सुविधा अच्छी है। माहौल अच्छा था, स्टाफ ने बहुत सहयोग किया।

  - गिरिजा गर्ग (B.A. Part - I)

- कैरियर गाइडेंस, मेडिटेशन आदि पर सेमिनार अच्छी थी। पढ़ाई अच्छी होती है, विद्यार्थियों में स्नेह भाव अच्छा है। दोस्तों से चर्चा होने पर पता लगा की अन्य कॉलेजों की तुलना में हमारा कॉलेज बेहतर है।

  - खुशबू उपाध्याय (B.A. Part - I)

- कल्चरल एक्टिविटी में बहुत एन्जोय किया। गरबा, स्वरांजलि व वार्षिक उत्सव में सभी दोस्तों ने मिलकर तैयारी की इसलिए प्रर्दशन धमाकेदार रहा।

  - अर्चना गौड़ (B.A. Part - I)

- यहाँ पर पढ़ाई नियमित रूप से होती है, वातावरण भी अच्छा है। समय - समय पर विद्वान लोगों को बुलाया जाता है, उनके सामने बोलने का मौका दिया जाता है। मेरी सोच में मेरा महाविद्यालय मेरा सबसे प्रिय है।

  - पारसमल कटारिया(B.Sc. Part - I)

- महाविद्यालय परिवार के प्रोत्साहन, प्रैक्टिस मैच, कोच सर की गाइडेंस से एवं स्वयं की मेहनत का फल मिला और चार लड़कों का सलेक्शन विश्व विद्यालय की हैडबॉल टीम में हुआ।


  - मनोज बैरवा (B.A. Part - I)


# What Makes us Different from Others.......

**A 360* Overview**

ई लर्निंग पर आधारित
New
RS-CIT
एक परिपूर्ण कंप्यूटर कोर्स !
www.rkcl.in


**Free COACHING Classes for all Competitive Exam**




**Special Batches for CRPF, BSF Air Force NAVY**




Print by :- ARAVALI, Ajmer # 8949395574